# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर (चितौड़गढ़)

## पीठासीन अधिकारी श्री सुखाराम पिण्डेल (RAS)

राजस्व प्रार्थना-पत्र संख्या :- 05/2015
निर्णय दिनांक :- 23.02.2021

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. प्रथा पिता तेजा भील<br>नि. - ठीलुण्ड (भूपालसागर) | | 1. राज्य सरकार जरिये<br>तहसीलदार भूपालसागर |

राजस्व प्रार्थना-पत्र अंतर्गत धारा 136 राज. भू-राजस्व अधिनियम, 1956

### * निर्णय *

वकील प्रार्थी ने एक प्रार्थना-पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 का पेश किया। जिसके संक्षिप्त तथ्य निम्न प्रकार है :-

1. यह है कि ग्राम ठीलुण्ड प. ह. ताणा में स्थित वादग्रस्त आराजियात आ. न. 331/2 रकबा 4.19 बीघा भूमि गैर खातेदारी दर्ज थी, जिसे दिनॉक 20.07.1970 को खातेदारी दर्ज की गई। उक्त भूमि को वर्तमान में बंजड़ में आ. न. 664/449 रकबा 0.23 हैक्ट. व आ. न. 663/448 रकबा 0.37 हैक्ट. दर्ज कर दिया गया।

2. यह है कि वर्तमान में वादग्रस्त आराजियात मुझ प्रार्थी के नाम नहीं होकर भू-प्रबन्ध व राजस्व अधिकारियों की भूल से बंजड़ दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थी के नाम पर 0.88 हैक्ट. भूमि दर्ज होनी चाहिए थी। जिसे प्रार्थी ने इन्द्राज दुरुस्ती हेतु निवेदन किया।

प्रार्थना-पत्र दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार भूपालसागर को सम्मन जारी किया गया एवं तहसीलदार भूपालसागर द्वारा जवाब प्रार्थना-पत्र पेश किया गया जिसमें बताया गया कि वादीगणों का मौके पर कब्जा नहीं होने से कब्जा सेटलमेन्ट में सिवायचक नाम दर्ज हो गयी है, जो सही है। वादी का कब्जा नहीं होने से दावा खारिज योग्य है।

हमने तहसीलदार भूपालसागर के जवाब प्रार्थना-पत्र एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया तथा प्रार्थी वकील एवं सरकारी

—लगातार—

Signature Not Verified
Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2021.02.24 10:48:10 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)

Scanned with CamScanner

पैरोकार की बहस सुनी गयी। तत्पश्चात प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम का स्वीकार योग्य नही होने के कारण खारिज किया जाता है। ~~अतः~~ पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 23.02.2021 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी

23/02/2021

सुखाराम पिन्डेल (RAS)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर
जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2021.02.24 10:48:10 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner